DECEMBER 2022 **U/ID 30678/ULE1A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

SECTION A — (10 × 2 = 20 marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 30 शब्दों में हों।

1. दमड़ी बैलों को क्यों नहीं बेचना चाहता?

2. अच्छी सोसाइटी में रहने से लाभ क्या होता है?

3. भारत के राष्ट्रीय आदर्शों के संबंध में स्वामी विवेकानन्द के विचार क्या थे?

4. परमाणु ऊर्जा से लाभ क्या है?

5. चुने हुए व्यवसाय को कब छोड़ा जा सकता है?

6. सामाजिक और निजी पत्र में अंतर क्या है?

7. अर्ध सरकारी पत्र कब लिखा जाता है?

8. ज्ञापन किसे कहते हैं?

9. किन्हीं चार के हिन्दी पर्याय लिखिए।

Advisory, Council, Ministry of Defence, Director, Accountant, Adjustment, Balance Sheet, Dearness Allowance

10. किन्हीं चार के अंग्रेजी पर्याय लिखिए।

मुख्य सचिव, प्रशासनिक अधिकारी, सूचना विभाग, योजना आयोग, संलग्न, कार्यालय आदेश, भ्रष्टाचार

11. किन्हीं दो हिंदी वाक्यांश लिखिए

Approved as Proposed, Case is closed now, Delay is regretted

12. किन्हीं दो अंग्रेजी वाक्यांश लिखिए।

संस्तुति के अनुसार, अनुमोदनार्थ प्रारूप, के अनुसार

SECTION B — ($5 \times 5 = 25$ marks)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। $(3 \times 5 = 15)$

13. आप बुरे से बुरा काम करें, लेकिन अगर आप उस पर पर्दा डाल सकते हैं, तो आप सभ्य हैं, जेण्टिलमैन हैं।

14. ऐसे भी मित्र होते हैं, जो विवेक को जागृत करना और कर्तव्य-विधि को उत्तेजित करना जानते हैं।

15. हमें उन विचारों की अनुभूति कर लेने की आवश्यकता है, जो जीवन निर्माण मनुष्य तथा चरित्र निर्माण में सहायक हैं।

16. जीवन-संग्राम में विजय प्राप्त करने के लिए अपनी प्रवृत्ति के अनुकूल व्यवसाय चुनने की जितनी ज़रूरत है, उससे बढ़कर इसमें दृढ़ता पूर्वक लगे रहने के भी है।

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। $(2 \times 5 = 10)$

17. परिपत्र कब और कैसे लिखा जाता है?

18. सरकारी पत्र लिखते समय किन-किन बातों पर ध्यान रखना चाहिए।

19. अधिसूचना किसे कहते हैं?

SECTION C — $(3 \times 10 = 30$ marks)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

किसी एक प्रश्न का उत्तर 500 शब्दों में लिखिए। $(1 \times 10 = 10)$

20. 'मित्रता' पाठ का मूल्याकंन कीजिए।

अथवा

21. परमाणु ऊर्जा एवं खाद्य संरक्षण पाठ का सारांश लिखिए।

किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। $(2 \times 10 = 20)$

22. अपने महाविद्यालय में आयोजित 'खेल दिवस' की विशेषताओं को बताते हुए अपने माता-पिता के नाम एक पत्र लिखिए।

23. अपने पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धि के संबंध में प्रकाशक, शारदा प्रकाशन, नई दिल्ली के नाम एक पूछताछ पत्र लिखिए।

24. सुनीता की कनिष्ठ हिन्दी टंकक पद से वरिष्ठ हिन्दी टंकक पद पर पदोन्नति संबंधी एक कार्यालय आदेश पत्र तैयार कीजिए।
